दिनांक : 07.09.2025 समय : 07.10AM

आकाशवाणी, भोपाल
मुख्य समाचार,

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आर्थिक विकास और रोजगार सृजन के लिए श्रम क्षेत्र में व्यापक सुधार पर दिया जोर
- केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा नई लागू की गई जीएसटी दरों और स्लैब से खेती की लागत कम होगी और किसानों का लाभ बढ़ेगा
- अनंत चतुर्दशी पर प्रदेश में गणपति प्रतिमाओं का किया गया विसर्जन
- मौसम विभाग ने प्रदेश के 16 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी

श्रम कल्याण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य में समग्र आर्थिक विकास और रोजगार सृजन सुनिश्चित करने के लिए श्रम क्षेत्र में व्यापक सुधार आवश्यक हैं। मुख्यमंत्री ने कल एक बैठक में बल दिया कि श्रम कल्याण योजनाओं को लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए ग्राम सभा की पारदर्शिता और तकनीकी साधनों का उपयोग किया जाएगा, जिससे योजनाओं का सुचारू और प्रभावी क्रियान्वयन संभव हो सके। डॉ. यादव ने 'श्रम स्टार रेटिंग' का लोगो भी जारी किया। यह पहल व्यवसायों के लिए अपने श्रमिक कल्याण प्रयासों को स्वेच्छा से प्रदर्शित करने का एक माध्यम है। श्रम मंत्री प्रह्लाद पटेल ने कहा कि बदलते समय की आवश्यकताओं के अनुरूप श्रम कल्याण की परिभाषा को पुनर्परिभाषित करने की आवश्यकता है, जिससे नए युग की चुनौतियों और अवसरों के अनुसार श्रमिकों का सर्वांगीण विकास हो सके।

बुंदेली समागम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बुंदेलखंड की भूमि वीरों की भूमि है और बुंदेली भाषा का निरंतर प्रचार हो रहा है। वे कल बुंदेली समागम में विभिन्न प्रतिभाओं के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने बुंदेलखंड की उत्पत्ति से लेकर ऐतिहासिक काल और वर्तमान काल तक शौर्य, साहित्य-सृजन, लोक गीत- संगीत के विकास और कलाओं के उन्नयन की विशेषताओं का उल्लेख किया।

कार्यक्रम में अनेक क्रिएटर और इनफ्लुएंसर उपस्थित थे, जो बुंदेली लोक संस्कृति के प्रचार-प्रसार का कार्य कर रहे हैं।

शिवराज-जीएसटी किसान

केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि नई लागू की गई जीएसटी दरों और स्लैब से खेती की लागत कम होगी और किसानों का लाभ बढ़ेगा। कल भोपाल में एक संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इन बदलावों से विशेष रूप से छोटे और मध्यम किसानों को लाभ होगा। उन्होंने ने लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार के प्रयासों की सराहना की।

श्री चौहान ने ज़ोर देकर कहा कि दूध और पनीर पर जीएसटी हटाने से डेयरी क्षेत्र में मांग बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि इससे न केवल आम आदमी को बल्कि डेयरी किसानों और उत्पादकों को भी लाभ होगा, जिससे कृषि पारिस्थितिकी तंत्र और मजबूत होगा।

रेलवे

उत्तर रेलवे कल से पाँच दिन तक श्री माता वैष्णो देवी कटरा स्टेशन और संगलदान स्टेशन के बीच दो लोकल पैसेंजर ट्रेनें चलाएगा। इससे रियासी और रामबन में लगातार बारिश और अचानक आई बाढ़ के कारण फंसे यात्रियों को निकालने में मदद मिलेगी। इन रेलगाड़ियों के चलने से संपर्क बहाल होगा और सड़क संपर्क शुरू होने तक यह लाइफ लाइन के रूप में काम करेगी।

एयर चीफ मार्शल - 'सिंदूर'

वायुसेना प्रमुख, एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने तीव्र, निर्णायक और सटीक हमला करने की क्षमता का प्रदर्शन किया है। कल चेन्नई स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (OTA) में पासिंग आउट परेड को संबोधित करते हुए, उन्होंने नव-नियुक्त अधिकारियों से राष्ट्र सेवा

में एकजुटता की भावना को बनाए रखने का आग्रह किया। इस परेड में 130 पुरुष और 25 महिला अधिकारी कैडेटों को भारतीय सेना में शामिल किया गया।

## गिद्ध जागरूकता दिवस

पारिस्थितिकी तंत्र में गिद्धों की महत्त्वपूर्ण भूमिका और उनके संरक्षण की आवश्यकता के बारे में आमजन को जागरूक करने के मकसद से वन विहार भोपाल में कल अंतर्राष्ट्रीय गिद्ध जागरूकता दिवस मनाया गया। 'गिद्ध संरक्षण एवं संवर्धन' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला में 30 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। गिद्ध प्रजाति एवं उनके महत्व और पारिस्थितिकीय तंत्र में गिद्धों की महत्वपूर्ण भूमिका तथा गायों के उपचार में डायक्लोफेनिक दवा का उपयोग से होने वाली हानियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में संरक्षण को सतत विकास से जोड़ने और गिद्धों के स्वास्थ्य के लिए प्लास्टिक प्रदूषण से खतरे पर प्रकाश डाला गया। राज्य-स्तरीय कला प्रतियोगिता “पन्नी से पक्षी” की भी घोषणा की। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों और कलाकारों को प्लास्टिक कचरे से गिद्धों के मॉडल बनाने के लिए आमंत्रित किया गया है, जिन्हें वन्यप्राणी सप्ताह-2025 के दौरान प्रदर्शित किया जाएगा।

## अनंत चतुर्दशी

देश भर में अनंत चतुर्दशी का पर्व परंपरागत रूप से धूमधाम से मनाया गया। प्रदेश भर में कल अनंत चतुर्दशी पर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन देर रात तक जारी रहा। राजधानी भोपाल में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन के विसजन के साथ ही चल समारोह निकाले जा रहे हैं। इंदौर शहर के विभिन्न मार्गों से झिलमिलाती नयनाभिराम झांकियां निकाली जा रही हैं। शिवपुरी में भी झांकिया निकाली और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। खंडवा, जबलपुर, ग्वालियर, रीवा और शहडोल में बडी संख्या में लोग चल समारोह देखने पहुचे।

## विशेष ड्रोन

प्रदेश में पहली बार कल अनंत चतुर्दर्शी पर इंदौर में भीड़ नियंत्रण के लिए एक विशेष ड्रोन कैमरे की मदद ली गयी। इस ड्रोन की विशेषता यह है कि इसमें

पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम भी इनबिल्ट है। जो जमीन से 120 मीटर ऊपर से भी घोषणा कर सकता है। साथ ही 2 से 5 किमी.की रेंज तक इसका कैमरा प्रभावी निगरानी योग्य है। यह ड्रोन लगातार 40 मिनट तक उड़ान भर सकता है। इसके अलावा यह ज़ूम कैमरा और सर्च लाइट यूक्त है।  इस विशेष ड्रोन को ड्रोन स्टार्क के नाम से भी जाना जाता है।

## एशिया कप हॉकी

एशिया कप पुरूष हॉकी चैंपियनशिप के फाइनल में आज भारत का मुकाबला दक्षिण कोरिया से होगा। बिहार के राजगीर में यह मैच शाम साढे सात बजे से खेला जाएगा। भारतीय टीम ने कल अपने आखिरी सुपर-फोर मैच में चीन को 7-0 से हराकर फाइनल में जगह बनायी। इस शानदार जीत के साथ भारत सुपर-फोर में शीर्ष पर रहा। दक्षिण कोरिया भी मलेशिया को 4-3 से हराकर फाइनल में पहुँच गया है। भारत अब तक टूर्नामेंट में अजेय रहा है।

## मौसम

प्रदेश में कल खासकर इंदौर उज्जैन संभागों में भारी बारिश हुई। राजधानी भोपाल में कल भदभदा डैम के अपनी पूर्ण क्षमता तक भरने पर  गेट खोल दिए गए। मौसम विभाग के मुताबिक रतलाम में करीब तेरह सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई। गौहरगंज और महिदपुर में दस-दस सेंटीमीटर बारिश हुई। इंदौर जिले में पिछले 24 घंटों के दौरान भारी वर्षा दर्ज की गई। कल सुबह तक इंदौर शहर में लगभग 2 इंच वर्षा हुई। जिले में सर्वाधिक वर्षा गौतमपुरा क्षेत्र में दर्ज की गई, जहाँ सवा 3 इंच से अधिक बारिश हुई। लगातार हो रही वर्षा से जिले में अब तक का आंकड़ा गत वर्ष की इसी अवधि में हुई वर्षा से आगे निकल चुका है। मौसम विभाग ने आज सुबह तक के लिए  16 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। इसमें से अलीराजपुर झाबुआ धार और रतलाम जिलों में भारी बारि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- आज चंद्रग्रहण के चलते सूतक काल के दौरान ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर के पट प्रातः 5 बजे खोले गए, रात साढे नौ बजे शयन आरती के बाद ठीक 9 बज कर 58 मिनट पर मंदिर के कपाट बंद कर दिये जाएंगे।
- पन्ना विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह आज बोटिंग एण्ड ईको पार्क का शुभारंभ करेंगे। यहां बोटिंग सुविधा के साथ पर्यटकों के लिए भोजन एवं जलपान सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं भी विकसित की गई हैं।
- शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गुना में कल से 11 सितंबर तक राज्य स्तरीय शालेय जूडो एवं बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है
- ग्वालियर में स्वच्छता और नशामुक्ति का संदेश देने के लिए आज सुबह मिनी मैराथन का आयोजन किया गया है।
- जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में दो सप्ताह की तकनीकी वर्कशॉप का समापन कल टॉक शो के साथ हुआ जिसमें महाविद्यालय के 540 से अधिक छात्राओं और छात्रों ने सहभागिता की
- उज्जैन में आज गणराज कलापर्व 2025 का आयोजन किया जा रहा हैं।
- आगरमालवा जिले के नलखेड़ा स्थित माँ बगलामुखी मंदिर में चंद्रग्रहण के कारण आज मंदिर के पट तथा हवन पूजन व धार्मिक अनुष्ठान कार्य भी बंद रहेंगे। और
- बैतूल जिले में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान अलग-अलग हादसों में दो युवक तलाब में डूब गए, इनमें से एक की मौत हो गई। जबकि दूसरे की तलाश जारी है।

-------